**B**

SL. No. : U

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE RR**
**UNREVISED**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2019 ] [ Date : 28. 06. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**Tear here**

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : $6 \times 1 = 6$

1. रवींद्रनाथ ठाकुर के पिता कौन थे ?
2. महादेवीजी को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा ?
3. कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ?
4. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से क्या होता ?
5. 'अभिनव मनुष्य' कविता में किसका विश्लेषण हुआ है ?
6. यशोदा गोधन की कसम क्यों खाती है ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| अ) शांति निकेतन का आशय | i) आदर्श अस्पताल का निर्माण |
| आ) साहनीजी का बचपन | ii) पाठशाला का निर्माण |
| इ) तिम्मक्का का संकल्प | iii) विश्वभारती |
| ई) बालकृष्ण | iv) कौशल की अभिव्यक्ति |
| | v) खुशियों से भरा |
| | vi) भोला-भाला |
| | vii) अंधेरी गुफा जैसी । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

8. काबुलीवाला : कहानी संग्रह : : गीतांजलि : ......................
9. इंटरनेट पैरसी : हानि : : इंटरनेट बैंकिंग : ......................
10. तिम्मक्का के पिता : चिक्करंगय्या : : तिम्मक्का के पति : ......................
11. पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : ....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 11 × 2 = 22

12. ई-गवर्नेंस क्या है ?

13. महादेवीजी को गिल्लू कैसे चौंकाता था ?

14. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन से हैं ?

15. साहनीजी ने किस उद्देश्य से खादी पहनना शुरू किया ?

16. परसाईजी ने मंत्री को क्या समझाया ?

17. तिम्मक्का दंपति के धार्मिक कार्यों का परिचय दीजिए ।

18. भारतमाता के स्वरूप का वर्णन कीजिए ।

19. तुलसीदासजी के अनुसार मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है ?

20. कृष्ण माता यशोदा से क्या शिकायत करता है ?

21. शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । क्यों ?

**अथवा**

शनि ग्रह का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

22. जीवन में समय का क्या महत्व है ?

**अथवा**

सत्य की महिमा कैसी है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 4 × 3 = 12

23. भिखारी को बालक पर दया क्यों आई ?

24. डॉ० कंबारजी को लोक साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?

25. आधुनिक मानव का विश्लेषण दिनकरजी कैसे करते हैं ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।

पालै-पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4

27. पं० राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

विमल ....................................................

............................................................

............................................................

.................................................. रही है ।

**अथवा**

दया ..................................................... ।

................................................ में प्राण ।।

## खण्ड - ख

## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए लिखिए : 8 × 1 = 8

29. 'परमेश्वर' शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) गुण

(C) वृद्धि (D) यण् ।

30. 'नीलकण्ठ' शब्द में समास है –

(A) बहुव्रीही (B) द्विगु

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष ।

31. 'निराशा' का विलोम शब्द है –

(A) विश्वास (B) इच्छाएँ

(C) विनाश (D) आशा ।

32. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है –

(A) माता (B) नानी

(C) कवि (D) बहन ।

33. रवीन्द्रनाथ ठाकुर ................. जन्म कोलकाता में हुआ ।

इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा –

(A) का (B) की

(C) में (D) को ।

34. 'गमला' शब्द का बहुवचन है –

(A) गमलों (B) गमले

(C) गमला (D) गमलायें ।

35. इसका अर्थ क्या है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –

(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न

(C) प्रश्न चिह्न (D) अर्ध विराम ।

36. 'सुनना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –

(A) सुनवाना (B) सुनवाइ

(C) सुना (D) सुनाना ।

**खण्ड - ग**

**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )**

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 × 1 = 4

भारतवर्ष में अति प्राचीन काल से ही नीम की निर्मल एवं निरोग शक्ति को पहचान लिया गया था । इसलिए पूर्वजों ने नीम में 'दैवी शक्ति' का वास मानकर नीम वृक्ष की 'शीतलादेवी' के रूप में पूजा-उपासना प्रारंभ की थी, क्योंकि नीम का स्वभाव शीतल एवं प्रभावी रोग-विनाशक होने के साथ ही वायु को भी शुद्ध एवं निरोगता प्रदान करनेवाला है । नीम की दातौन का महत्व तो इस कोलगेट और पैप्सोडैंट इत्यादि के जमाने में भी अक्षुण्ण है । नीम की लकड़ी, छाल, गोंद, फल, फूल इत्यादि सभी हमारे लिए रोग विनाशक, आरोग्यवर्धक एवं उपयोगी हैं । इसकी शक्ति एवं संपर्क से वायु तो शुद्ध होती ही है, अच्छी वर्षा के होने में भी नीम का योगदान कम नहीं है । जहाँ नीम की बहुलता होती है, वहाँ पर्यावरण शुद्धि के साथ आरोग्यता का भी वास होता है ।

37. पूर्वजों ने नोम वृक्ष में दैवी शक्ति का वास क्यों माना था ?

38. नीम का स्वभाव कैसा है ?

39. नीम के सभी भाग उपयोगी हैं । कैसे ?

40. पर्यावरण के लिए नीम का क्या महत्व है ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

41. इटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।

42. ईमानदारी एक दुर्लभ गुण है ।

43. मैसूर का राजमहल अत्यंत सुंदर है ।

44. भगवान सबकी सहायता करता है ।

X. 45. अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए । 1 × 4 = 4

**अथवा**

स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण दो दिनों की छुट्टी के लिए कक्षाध्यापक जी को पत्र लिखिए ।

XI. 46. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए :

$1 \times 4 = 4$

क) जनसंख्या की समस्या

* प्रस्तावना
* वृद्धि के कारण
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) राष्ट्रीय त्यौहार

* प्रस्तावना
* महत्व
* आवश्यकता
* उपसंहार ।

ग) इंटरनेट से लाभ

* प्रस्तावना
* अर्थ
* उपयोग
* उपसंहार ।